150

झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड

(Govt. of Jharkhand Undertaking)
Corporation Identification No.-U45201JH2015SGC003325
Regd. Office:- Building Construction Department, Govt. of Jharkhand, Project Building,
P.O.- Dhurwa, Ranchi-834004, Jharkhand
Phone No.:- 0651-2446257/2446258/2446259, e-mail:-jsbccljharkhand@gmail.com

पत्रांक झा0रा0भ0नि0नि0लि0 50/17-पार्ट I - 1833 (नि0) दिनांक 11.10.2021

प्रेषक,

कार्यपालक निदेशक
झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, राँची।

सेवा में,

M/s Madhav Sharma,
Plot No.- B-1, Harmu Housing Colony, Ranchi.

विषयः – पूर्वी सिंहभूम जिलान्तर्गत गुड़ाबांधा में झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्य में विलम्ब हेतु डिबार करने के संबंध में।

प्रसंगः– प्रबंधक–सह–कार्यपालक अभियंता, JSBCCL, PIU, पूर्वी सिंहभूम का पत्रांक– 1491 दिनांक–04.11.2020

महाशय्

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि पूर्वी सिंहभूम जिलान्तर्गत गुड़ाबांधा में झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्य को आरम्भ दिनांक– 22.11.2016 तथा समाप्ति दिनांक– 21.02.2018 को किया जाना था किन्तु लगभग तीन वर्ष से अधिक की अवधि बीत जाने के बाद भी अब तक लगभग 55 प्रतिशत का कार्य ही पूर्ण किया गया है। प्रबंधक द्वारा भी सूचित किया गया है कि निर्माण कार्य लगभग पिछले दो वर्ष से बंद पड़ा हुआ है एवं उनके द्वारा मौखिक तथा लिखित रूप से निदेश दिए जाने के बाद भी आपके द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है। विभिन्न समीक्षात्मक बैठक में भी आपको उक्त कार्य शीघ्र पूर्ण कराने का निदेश दिया जाता रहा है किन्तु निर्माण कार्य को पूर्ण करने में आपके द्वारा कोई रूचि नहीं ली जा रही है। जो कार्य के प्रति आपके उदासीनता एवं लापरवाही को दर्शाता है।

तदनुरूप निर्माण कार्य में हुये विलम्ब के कारण भवन निर्माण विभाग की अधिसूचना सं0– 3855 दिनांक– 31.12.2015– झारखण्ड संवेदक निबंधन नियमावली की कण्डिका– 11.1.4 के आलोक में भविष्य में आमंत्रित की जाने वाली निविदाओं में भाग लेने से तत्काल प्रभाव से वंचित (Debar) किया जाता है।

विश्वासभाजन

11/10/21

कार्यपालक निदेशक,
झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, राँची।

ज्ञापांक 1833 (नि0)

दिनांक 11.10.2021

प्रतिलिपिः– नोडल पदाधिकारी ई–प्रोक्योजमेन्ट सेल/ प्रबंधक –सह– कार्यपालक अभियंता, JSBCCL, PIU, पूर्वी सिंहभूम/ प्रबंध निदेशक के वरीय प्रधान आप्त सचिव, झा0रा0भ0नि0नि0लि0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

11/10/21

कार्यपालक निदेशक,
झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, राँची।